तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

4 मोबाइल पर बात और शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क ...



2 जिले में कबड्डी प्रीमियर लीग स्पर्धा शुरू





## खबर संक्षेप

### मां कंकालिन मैया मंदिर समिति की बैठक कल

**गुरूर।** मां कंकालिन मैया मंदिर समिति की बैठक 14 सितंबर को मंदिर परिसर में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मां कंकालिन मंदिर समिति जनार्दन सिन्हा करेंगे। बैठक का मुख्य विषय नवरात्रि पर्व पर होने वाले ज्योति कलश प्रज्वलन के संबंध में सभी सभी प्रकार के प्रभार का आबंटन किया जाएगा। मुख्य रूप से ज्योति प्रभारी विद्युत प्रभारी एवं भोजन भंडारे पर चर्चा किया जाना प्रस्तावित है, सभी मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों से निवेदन है कि वह आधिकाधिक संख्या में पधार करके बैठक की रूपरेखा तय करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

### गणेश विसर्जन के दौरान विवाद, युवक का सिर फूटा

**बालोद।** गणेश विसर्जन के दौरान पुलिस द्वारा डीजे जब्त कर थाने ले जाने के बाद बालोद में तनाव की स्थिति बन गई। इस घटना के बाद थाने के पास अपने भाई को लेने गए एक युवक पर अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पांडे पारा बालोद निवासी दिग्विजय यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 11 सितंबर की रात उनके मोहल्ले के गणेश विसर्जन का कार्यक्रम था। जब उनका भाई रोशन सोनकर रात 1 बजे तक घर नहीं लौटा, तो उन्होंने उसे फोन किया। रोशन ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ शासकीय कॉलेज के सामने हैं, जहां पुलिस द्वारा डीजे को जब्त कर थाने ले जाया गया था। दिग्विजय जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि डीजे वाले लड़के इकट्ठा होकर आपस में गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे। अपने भाई को भीड़ से बाहर निकालने के प्रयास में, दिग्विजय भीड़ में घुस गया। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। दिग्विजय यादव की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

### आईटीआई में ट्रेड परीक्षा की तिथि घोषित

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में राज्य संचालनालय के अंतर्गत राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) हायर सेकण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना के अंतर्गत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों सत्र 2023–2025 की ट्रेड परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेड परीक्षा 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। उक्त संबंध में अधिक जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

### डोंगरमल को मिला शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता डोंगरमल रामटेके को एनटीसीएफ के तहत शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण अवार्ड प्रदान किया गया। उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार किया जा रहा है, वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में इको क्लब के प्रभारी हैं व उनके द्वारा लगातार वृक्षारोपण, स्टोरी टेलिंग प्रोग्राम, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, सामुदायिक सहभागिता के तहत स्कूल में नवाचार, आर्थिक रूप से असमर्थ बच्चों की सहायता, स्मार्ट क्लास, तथा नो बैक बैंचर क्लास इत्यादि का सराहनीय कार्य किया जा रहा है, विद्यालय के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने बताया कि डोंगरमल रामटेके एक नवाचारी शिक्षक हैं व अंग्रेजी जैसे जटिल विषय को सहज सरल तरीके से बच्चों को समझाने का प्रयास करते हैं। डोंगरमल रामटेके की इस उपलब्धि पर शेष पेज 02 पर

# फूडपार्क और औद्योगिक प्रयोजनों के लिए आवंटित 14.99 हेक्टेयर सरकारी भूमि निरस्त हो

## ग्राम कोटेरा के ग्रामीणों ने उद्योगों के लिए आवंटित भूमि का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

- ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के समक्ष रखी अपनी मांगें

तहसील के ग्राम कोटेरा में ग्रामीणों ने फूडपार्क और अन्य औद्योगिक प्रयोजनों के लिए आवंटित की गई 14.99 हेक्टेयर शासकीय भूमि को तत्काल रद्द करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन उनके मवेशियों के चारागाह और कृषि कार्यों के लिए आवाजाही का मुख्य रास्ता है और इसके हस्तांतरण से उन्हें भारी परेशानी होगी। यह भूमि पटवारी हल्का नं. 40, खसरा नं. 2219/1 में स्थित है, जिसे जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, बालोद को सौंपा गया है। ग्रामीणों के अनुसार, 2018-19 में इस भूमि को सिर्फ फूडपार्क के लिए प्रस्तावित किया गया था, लेकिन बाद में इसे फूडपार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन के लिए बदल दिया गया। इसके बाद, एक निजी कंपनी को यहां राइस मिल शुरू करने के लिए लीज पर दे दिया गया है। ग्राम पंचायत कोटेरा ने 25 अगस्त और 2 सितंबर को हुई ग्रामसभा की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस आवंटन को रद्द करने की मांग की है। 4 सितंबर को ग्रामीणों ने कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार से मिलकर अपनी बात रखी। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि ग्रामीणों की जरूरतों को देखते हुए इस भूमि का हस्तांतरण रोका जाए, ताकि उनमें आक्रोश न फैले।



### मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी वेयरहाउस, चावल गोदाम, बीज निगम और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए कई हेक्टेयर जमीन दी जा चुकी है। इस विरोध प्रदर्शन में सरपंच पलेश्वरी गांवरे, उपसरपंच रेमन सिंह लाटिया सहित कई प्रमुख ग्रामीण और महिला-पुरुष समिति के सदस्य मौजूद थे। इस दौरान पटवारी, राजस्व निरीक्षक और उद्योग केंद्र के अधिकारी भी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने उन्हें सीमांकन का कार्य न करने को कहा। अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे।

**कार्रवाई**

ग्राम डूडीया में अनुमति की आड़ में अवैध तरीके से संचालित हो रही थी मुरम खदान

# मुरम की अवैध खुदाई पर राजस्व विभाग ने की कार्रवाई





### अन्य जमीन पर की जा रही थी खुदाई

मौके पर औचक निरीक्षण के दौरान गुण्डरदेही के अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर, नायब तहसीलदार बी रुद्रप्ति, आरआई किरण सोनी सहित पटवारी ने पाया कि जिस खसरा नंबर पर खुदाई की अनुमति मिली थी उस खसरा नंबर के बजाय दूसरी जगह पर खुदाई की जा रही थी। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी ने संबंधित पटवारी और तहसीलदार को प्रतिवेदन बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुन्दा

नगर से लगे डूडीया गांव में अनुमति की आड़ में अवैध तरीके से संचालित मुरम खदान पर राजस्व अमले ने दबिश दी। मौके पर अवैध तरीके से मुरम खुदाई पाए जाने पर प्रतिवेदन तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामले को लेकर हरिभूमि ने 3 सितंबर को खबर प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाया था। इसके बाद राजस्व अमला




हरकत में आया। दरअसल डूडिया गांव में मुरम खनन व परिवहन के लिए खनिज विभाग की ओर से अनुमति मिली थी, लेकिन जिस खसरा नंबर पर खुदाई की अनुमति मिली थी, उस जमीन के बजाय अन्य जमीन पर खुदाई मुरम माफिया द्वारा की जा रही थी। इसकी लगातार शिकायत सामने आने के बाद बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित एसडीएम को मौका निरीक्षण कर जांच के लिए निर्देशित किया।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- 10-10 हजार का लगाया जा रहा जुर्माना, सड़क दुर्घटना रोकने की जा रही पहल

जिला पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने न केवल जुर्माना लगाया है, बल्कि उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

हाल ही में यातायात पुलिस ने दो चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा। इन दोनों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया गया है और उनके लाइसेंस को निलंबित किया जा रहा है। इसी तरह एक मालवाहक वाहन में यात्रियों को ले जाने वाले चालक पर भी 10,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस का यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस अभियान में शराब पीकर गाड़ी चलाने, मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन करने और बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की जान को जोखिम में न डालें। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, मालवाहक वाहनों में सवारी न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, नाबालिक बच्चों को गाड़ी न देने और हमेशा सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने का आग्रह किया है। पुलिस ने यह भी कहा कि वे आम लोगों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर हैं।

# पुलिस कार्रवाई का विरोध : व्यापारी संघ के समर्थन में बंद रहा नगर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडी/दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में गणेश विसर्जन के दौरान एक हिंदू नेता व्यापारी विशाल मोटवानी पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में दल्ली संघ के आह्वान पर डौंडी के एकता व्यापारी संघ ने बाजार बंद कर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। यह घटना गणेश विसर्जन के समय हुई।

दल्लीराजहरा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान किसी बात पर विवाद हुआ, इसके बाद पुलिस ने एक हिंदू नेता विशाल मोटवानी पर कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ डौंडी के एकता व्यापारी संघ ने विरोध-प्रदर्शन किया। व्यापारी संघ ने बाजार बंद रखकर और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पुलिस कार्रवाई की निंदा की। ज्ञापन में मांग की गई कि हिंदू नेता के खिलाफ की गई कार्रवाई को वापस लिया जाए और इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। एकता व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओम गोलछा, सचिव कमलेश गुणधर, हेमंत तन्ना, आशीष बुरड, रुपेश साहू, राजेंद्र नाहर, पूनम कोठरी, मांगी लाल गुणधर, पिंटू नाहर, रुपेश ढेलड़िया, मनोज गुणधर, संजीव जायसवाल,सहित सदस्यों ने बंद रख ज्ञापन सौंप कार्यवाही पर विरोध जताया।

# जनपद सदस्य मंजू बैस ने कुपोषित बच्ची को लिया गोद



**कुसुमकसा।** क्षेत्र में 11 बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार हैं। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर श्वेता श्रीवास्तव की अपील के बाद इन बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए जनपद सदस्य कुसुमकसा मंजू संजय बैंस ने पहल की है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक की एक गंभीर कुपोषित बच्ची टेवीशा को गोद लिया है।

टेवीशा की सेहत को लेकर चिंतित उसके माता-पिता, यशोदा और राघवेंद्र, अब राहत महसूस कर सकते हैं। मंजू बैस ने कहा कि वे इस बच्ची की जिम्मेदारी उठा रही हैं और डॉक्टरों से सलाह लेकर उसके भोजन में सभी जरूरी पोषक तत्व और विटामिन शामिल करेंगी, ताकि वह जल्द से जल्द सुपोषित हो सके। मंजू बैस ने यह भी बताया कि वे जल्द ही डॉक्टर, नर्स और शेष पेज 02 पर

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- विभिन्न प्रकरणों का होगा निराकरण, बड़े पैमाने पर किया गया प्रचार-प्रसार

जिले के जिला न्यायालय बालोद, तालुका न्यायालय गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं दल्लीराजहरा सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य, आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन वसूली के मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक, परिवारिक मामलें, श्रम विवाद एवं राजस्व मामलों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने न्यायालयीन मामलें एवं विवाद पूर्व पंजीकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते है। लोक अदालत में निराकृत होने वाले सिविल मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है।

इस नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न द्वारा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ, समस्त बैंक, फायनेंस कंपनी, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किये जाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि जिस किसी भी पक्षकार का जिला न्यायालय बालोद, व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा एवं डौण्डीलोहारा में तथा बालोद जिले के किसी भी राजस्व न्यायालय में मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अपने मामलों का निराकरण करवा सकते है। इसके अलावा इस प्राधिकरण के अधिकार मित्र के द्वारा भी बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों के हाट बाजारों–चौक चौराहों, बैंक एवं अन्य स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया।

## सर्वेक्षण और मैनुअल गिरदावरी की कलेक्टर ने की समीक्षा

# जिले में 92 प्रतिशत से अधिक फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से डिजिटल फसल सर्वेक्षण, मैनुअल गिरदावरी एवं एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन, वेट लैण्ड सर्वे कार्य के संबंध में राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने बालोद जिले में अब तक 92 प्रतिशत से अधिक डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य पूरा हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्य राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के मेहनत एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप संभव हो पाया है। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। कलेक्टर मिश्रा ने आशा व्यक्त किया कि जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के शेष कार्यों भी शीघ्र पूरा हो जाएगा। बैठक में वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर सहित जिला खाद्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसी तरह जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय से वर्चुअल बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। बैठक में मिश्रा ने मैनुअल गिरदावरी के कार्य की समीक्षा करते हुए जिले में मैनुअल गिरदावरी के कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं मैनुअल गिरदावरी के कार्य को अनिवार्य से 30 सितंबर तक पूरा कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन के कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य को किसानों को शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराने की दिशा में अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं लाभप्रद बताया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि पर जिले के सभी कृषकों का अनिवार्य रूप से एग्रीस्टेक में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए।




# ट्रक की टक्कर से माजदा चालक और मालिक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- ग्राम पसौद के पास घटी घटना, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

जिले में एक सड़क दुर्घटना में माजदा चालक और मालिक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी माजदा गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।

ग्राम रीवागहन के निवासी अजय कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वे 11 सितंबर की सुबह करीब 5.30 बजे माजदा क्रमांक सीजी 24 जे 9771 से अपने मालिक सुंदर लाल साहू के साथ डौंडीलोहारा जा रहे थे। जब वे ग्राम पसौद के पास एक होटल के पास पहुंचे, तो राजनांदगांव की ओर से आ रहे एक ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 2579 के चालक दुर्गेश कुमार सतनामी ने लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाते हुए उनकी माजदा को टक्कर मार दी। इस टक्कर से माजदा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन में सवार मालिक सुंदर लाल साहू के सिर, माथे, चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि चालक अजय यादव के होंठ के नीचे चोट लगी। हादसे के बाद, दोनों को तुरंत शासकीय अस्पताल देवरी ले जाया गया। मालिक सुंदर लाल साहू की गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें मेडिकल कॉलेज पेंड्री, राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चालक अजय यादव ने ट्रक चालक दुर्गेश कुमार सतनामी के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट कैंप में आईटीआई के 38 प्रशिक्षणार्थियों का चयन

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में 10 सितंबर को आयोजित प्लेसमेंट कैंप में 38 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में लगभग 60 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही। जिसमें कोपा, मैकेनिक डीजल व वेल्डर व्यवसाय के 38 प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक मोहित कुमार साहू, प्रशिक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार, पुरन लाल ठाकुर, शेखर साहू सहित अन्य प्रशिक्षण अधीक्षकों ने चयनित प्रशिक्षणार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सब इंस्पेक्टर हुआ छिनैती का शिकार

**भिलाई।** टाउनशिप क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने मार्निंग वॉक पर निकले सब इंस्पेक्टर अय्यूब हुसैन (61 साल) का मोबाइल छीना और फरार हो गए। हुसैन चर्च रोड के सामने सेक्टर 6 में रहते हैं और पुलिस दूरसंचार विभाग मुख्यालय सेक्टर 6 में उप. निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 सितंबर को सुबह 4.35 बजे वो अपनी साइकिल से मार्निंग वॉक के लिये निकले थे। उन्होंने मोबाइल को अपनी शर्ट के ऊपरी जेब में रखा था। सेक्टर 6 चर्च के सामने सुबह 4.45 बजे पहुंचे ही थे कि उसी समय पीछे से एक मोटर साइकिल में सवार 3 अज्ञात लड़के आये और शर्ट की जेब में रखे मोबाइल पर झपट्टा मारकर फरार हो गए। अय्यूब ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन आरोपी भाग गए। जो मोबाइल छीना गया है उसकी कीमत 14000 रुपए बताई जा रही है।

## पेज 3 के शेष

### जनपद सदस्य मंजू ...

मितानिनों के साथ मिलकर एक बैठक करेंगी, ताकि कुसुमकसा से कुपोषण को खत्म किया जा सके। उन्होंने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग करें। उनका मानना है कि स्वस्थ और सुपोषित बच्चे ही एक स्वस्थ भारत और समाज की नींव हैं। इस पहल के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला साहू और पोषण मित्र सीमा पिस्दा भी मौजूद रहीं।

### डोंगरमल को मिला ...

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी की प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी, शिवेन्द्र बहादुर, आलोक विश्वकर्मा, बबीता दीवान, अर्पणा वर्मा, उर्मिला नायक, नंदिनी जोशी, शशांक साहू, तीजूराम कुमेटी, केशव देशलहरे, दिनेश कुमार धरमगुड़े, लक्ष्मीनारायण बढ़ई, उमाशंकर कृषाण, भुवन देवांगन, भागवत इंदौरिया आदि ने बधाई दी है।





दूसरी बार छलक रहा तांदुला बांध

**बालोद।** तांदुला जलाशय के ऊपरी कंवरेज क्षेत्र में अच्छी बारिश होने के कारण जिले का तांदुला जलाशय एक बार फिर छलक उठा है, जो यह पहला मौका है, जब एक साल में तांदुला दूसरी बार छलक उठा है। इससे एक बार फिर जिलेवासियों को मनोरम दृश्य देखने को मिल रहा है। सुबह हल्का छलकने के बाद देर शाम तक तांदुला पूरे शबाब में छलकने लगा था, जिसे देखने के लिए पर्यटक पहुंचने लगे थे।

**स्पर्धा : ब्लाक स्तर पर तैयार की गई है अलग-अलग टीमों ने लिया हिस्सा**

# जिले में कबड्डी प्रीमियर लीग स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में पहली बार प्रो कब्ड्डी लीग से प्रेरित होकर बालोद कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन 12 सितंबर से प्रारंभ हुआ जो 14 सितंबर तक चलेगा। जिसका आयोजन जिला मुख्यालय के सरदार पटेल मैदान में किया गया। जिले में शहर से लेकर ग्रामीण स्तर पर छुपे कबड्डी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोज निकालने व उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए जिला कबड्डी संघ बालोद द्वारा इस पहल की शुरूवात की गई है। इसके तहत प्रो कबड्डी लीग स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष श्रीनाथ देवराज, सचिव लोकनाथ निशाद, ज्ञानेश्वर प्रसाद, हिरेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार साहू ने बताया कि जिला में यह पहला मौका है, जब जिला स्तर पर जिले के कबड्डी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बालोद कबड्डी प्रीमियर लीग में जिले के 8 ब्लाक बालोद, देवरी, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा, डौण्डी लोहारा, डौण्डी, गुरूर, दल्लीराजहरा ब्लाक के सबसे श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने अपने फ्रेन्चायजी से कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शिव कलिहारी, प्रेमदास मानिकपुरी, महेन्द्र दिलबाग, दुलेश्वर हरमुख, दानेश्वर साहू, रामसेवक निषाद, भूपेश ठाकुर, फिरंता उईके, मनोज साहू, प्रदीप नाग, पुष्पकांत साहू, बालेश्वर ने बताया कि यह तैयारी वर्तमान कुछ दिनों की नहीं है, बल्की संघ द्वारा पिछले 4 माह में जिला स्तर के अलग-अलग ब्लाकों व ग्रामों में प्रतियोगिता आयोजित कर हर ब्लाक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर प्रो कब्ड्डी लीग से प्रेरित होकर बालोद कबड्डी प्रीमियर लीग के लिए अलग-अलग टीम ब्लाक स्तर पर तैयार की गई है और उन्हें ब्लाक अनुसार विशेष नाम भी प्रदान किया गया है।



**विजेता टीमें होंगी पुरस्कृत**

इसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 15 हजार रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार रूपये रखा गया है। वही संघ ने अपील की कि जिले के लोग अपने अपने ब्लाक के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित प्रतियोगिता में पहुंचकर ब्लाक के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

8 ब्लाक की टीमों में बालोद बूल्स, दबंग देवरी, गुण्डरदेही वारियर्स, अर्जुन्दा लायंस, लोहारा योधांस, डौण्डी फाइटर्स, गुरूर पिंक पैथर्स, राजहरा स्टीलर्स के नाम से आठ ब्लाक के टीमो को नाम दिया, जिसके मालिक भी अलग अलग है तथा इन टीमों व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला कबड्डी संघ द्वारा इन टीमों के खिलाड़ियों को टीमों के मुताबिक जर्सी व जूते प्रदान किए गए हैं। संघ ने बताया कि वर्तमान मे यह प्रतियोगिता प्रथम बार होने के कारण खिलाड़ियो की निलामी नही की गई है क्योकि अधिकांश लोग इससे अनभिज्ञ है जिसके कारण वर्तमान मे यह कदम उठाते हुए प्रारंभ करने का प्रयास किया गया है ताकि लोग इससे जागरूक हो और शहर के साथ ग्रामीण प्रतिभाओ को आगे लाने के लिए आगे आए जिसके तहत यह कदम उठाया गया है।

वहीं संघ ने बताया कि इन तीन दिनों में आठ टीमों को चार–चार के दो पुलों में बांटा गया है, जिनके बीच घमासान होगा, जिसमें इन 8 टीमों के बीच प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर रात 10 बजे तक चलेगी।

# हरुना किस्म के धान में निकलने लगीं बालियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

किसानों के मेहनत का फल अब दिखने लगा है। इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर बोई गई हरुना किस्म की धान अब बालियों से लहलहाने लगी है। खेतों में हरियाली के बीच सुनहरी बालियां निकलने का नजारा किसानों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहा है।

कृषि विभाग का कहना है कि हरुना किस्म की धान समय से बोई जाने पर लगभग 90 से 100 दिनों में बाली निकलने लगती है। यह किस्म अधिक उत्पादन देने वाली और रोग प्रतिरोधक क्षमता से युक्त मानी जाती है। किसानों के अनुसार, समय पर हुई वर्षा और खेतों में उचित पानी भराव से इस बार फसल की स्थिति अच्छी बनी हुई है। यही वजह है कि धान की बाली निकलने के साथ-साथ पौधे मजबूत और स्वस्थ दिखाई दे रहे हैं। कसही के किसान यशवंत साहू ने बताया कि हरुना किस्म की धान से उन्हें पिछले वर्षों में भी अच्छा उत्पादन मिला था। इस वर्ष भी अच्छा उत्पादन मिलने की संभावना है वर्तमान में खेतों में निकल रही बालियां किसानों की मेहनत और उम्मीदों को और बढ़ा रही हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस बार धान का भरपूर उत्पादन होगा। कृषि विभाग ने किसानों को इस समय कीट और रोग प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की अपील की है ताकि फसल सुरक्षित रह सके।

# विद्यालय प्रबंध समिति ने मनाया शिक्षक दिवस





**डौण्डीलोहारा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला सहगांव में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने मिलकर शिक्षक दिवस मनाने की अनूठी पहल की। दिलीप कुमार मेश्राम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला।

गोविन्द सिंह चुरेन्द्र ने कहा कि सड़क और शिक्षक की भूमिका एक होती है, जिस प्रकार सड़क अपने जगह पर स्थाई होता है, परन्तु यात्रियों को मंजिल तक पहुंचाती है उसी तरह शिक्षक भी अपने विद्यार्थियों को एक निश्चित लक्ष्य तक पहुंचाती है। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समिति के समस्त पदाधिकारियों व छात्र/ छात्राओं द्वारा गुरुजनों का सम्मान किया गया। साथ ही साथ न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में खीर- पुड़ी, केला व मिठाई परोसा गया। विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने सभा को संबोधित करते हुए बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किए तथा समिति द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलाल निषाद ने किया। प्रधान पाठक विजय कुमार पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी टीकम सिंह लोहमार, यमुना प्रसाद कोसार्य, खुमान सिंह यादव, मालेश्वरी भुआर्य, कामनी यामले, कुमारी उर्वशा,उमेश्वरी चुरेन्द्र, नेमलता यामले, खिलेश्वरी श्रीवास,विभा देवांगन आदि उपस्थित थे।

# गुरुर ब्लॉक में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए 11 गांव चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जनपद पंचायत सभाकक्ष गुरूर में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे, जिला एवं ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ग्राम पंचायत सचिव, शिक्षक–शिक्षिका, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के कुल 11 गांवों को चयनित किया गया है। आयोजित कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स, विषय विशेषज्ञ, अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा गुरूर विकासखण्ड के चयनित 11 गांवों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराने के उपायों के संबंध में कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का ग्राम स्तर तक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

उल्लेखनीय है कि कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर चयनित कैडर एवं वालंटियर्स द्वारा अपने गांव के विकास हेतु योजना का निर्माण किया जाना है, जो कि आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर जिले के चयनित आदिवासी गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### 102 श्रमिकों की हुई स्वास्थ्य जांच

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि रजत जयंती 2025 अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित बुधवारी बाजार में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें श्रमिक पंजीयन एवं 102 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 सितंबर को दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना करकाभाट एवं 16 सितंबर को वार्ड क्रमांक 12 आमापारा बालोद में आयोजित की जाएगी।



# कॉलेज में मनाई राज्य गठन की रजत जयंती





**डौंडीलोहारा।** एकलव्य महाविद्यालय में राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं पौधे भेंट कर किया गया। प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने स्वागत भाषण दिया और संस्था की उपलब्धियां और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांति प्रकाश सोनबरसा जनपद अध्यक्ष डौंडी लोहारा, विशिष्ट अतिथि लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी लोहारा, अन्य अतिथि के रूप में प्रकाश सोनबरसा, देवेंद्र जोशी शामिल थे। अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ गठन से लेकर वर्तमान तक की उपलधियों से अवगत कराते हुए विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत पर विमर्श प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने की। इस कार्यक्रम का संचालन श्री अनिल कुमार साहू ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी श्री नन्द किशोर सिन्हा एवं देवानंद वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**इस मार्ग के निर्माण से बालोद जिले का महाराष्ट्र से बढ़ेगा संपर्क**

# जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के साथ–साथ बालोद जिले में नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 की सौगात मिलने से बालोद जिले का नाम अब बेहतर एवं सुगम यातायात की दृष्टि से देश एवं प्रदेश के नक्शे में शामिल हो गया है।

बालोद जिले को पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 के रूप में नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग का सौगात मिलना जिले व प्रदेश में सड़क एवं यातायात सुविधाओं की विस्तारीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात है। विदित हो कि सड़क केवल सुगम यातायात का ही माध्यम नहीं होता अपितु यह सभ्यता एवं संस्कृतियों का प्रसार तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी महत्वपूर्ण एवं कारगर माध्यम होता है। बालोद जिले में एक और राष्ट्रीय राजमार्ग की सौगात मिलने से जिले में यातायात सुविधाओं के विस्तार होने के साथ–साथ यह मार्ग जिले और प्रदेश की विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 के निर्माण के प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग बालोद के अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार छारी ने बताया कि पैकेज 01 के कार्यों के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला से लेकर मोहला मानपुर जिले के ग्राम शेरपार तक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। झलमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए डीपीआर की कार्रवाई जारी इसके साथ ही भारत सरकार के द्वारा पुरूर से झलमला तक शेष सड़क के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पुरूर से झलमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य हेतु डीपीआर निर्माण करने की कार्रवाई जारी है। शीघ्र ही इसका डीपीआर तैयार कर लिया जाएगा। छारी ने बताया कि पुरूर से झलमला तक का राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 के निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से संपूर्ण बालोद जिले में इस नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के पुरूर से लेकर सीमावर्ती मोहला–मानुपर–अंबागढ़ चौकी जिले के महाराष्ट्र सीमा पर स्थित ग्राम कोहका तक की कुल लंबाई 115.300 है। छारी ने बताया कि पैकेज 02 के अंतर्गत बालोद जिले के सीमावर्ती ग्राम शेरपार से लेकर मोहला–मानुपर–अंबागढ़ चौकी जिले के अंतर्गत महाराष्ट्र सीमा पर स्थित ग्राम कोहका तक के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

### मोहला-मानुपर-अंबागढ़ चौकी तक चल रहा तेज गति से कार्य

इस तरह से बालोद जिले के पुरूर से लेकर मोहला–मानुपर–अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम कोहका तक इस राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य शत पूरा हो जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद एवं सीमावर्ती जिलों में सुगम एवं बेहतर यातायात सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। इस तरह से यह मार्ग सड़क एवं यातायात सुविधाओं की विस्तार के अलावा देश एवं प्रदेश के साथ–साथ बालोद जिले के विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गटकरी द्वारा जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, लोक निर्माण मंत्री अरूण साव एवं क्षेत्रीय सांसद भोजराज नाग के विशेष प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 930 के शेष कार्य के अंतर्गत पुरूर से लेकर झलमला तक के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी छारी ने कहा कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के सतत दिशा–निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 930 के शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने हेतु तत्परता से कार्य किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप कुछ ही दिनों के पश्चात राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 930 के रूप में गुणवत्तायुक्त एवं बेहतरीन पूरी तरह से मूर्त रूप ले लेगा।

# युक्तियुक्तकरण से बालोद के स्कूलों में शिक्षकों की कमी हुई दूर



**बालोद।** छत्तीसगढ़ सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति ने राज्य में शिक्षकों की कमी को दूर करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह नीति विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की तैनाती करती है, जिससे उन स्कूलों में भी पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हो रहे हैं, जहां पहले इनकी कमी थी।

बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक में स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाही टी इस योजना का एक प्रमुख उदाहरण है। पहले, इस स्कूल में गणित, अंग्रेजी, जीव विज्ञान और हिंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं थे, जिससे विद्यार्थी और उनके माता-पिता बहुत निराश थे। कई विद्यार्थी तो दूसरे स्कूलों में दाखिला लेने पर विचार कर रहे थे। लेकिन अब, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत चार नए शिक्षक नियुक्त किए गए हैं हीरालाल साहू गणित, चंद्रभूषण मोहबिया अंग्रेजी, राजेश कुमार रावटे हिंदी और दीपिका राज जीव विज्ञान शामिल हैं। इन शिक्षकों के आने से स्कूल में पढ़ाई का माहौल पूरी तरह से बदल गया है। विद्यार्थी अब पूरे उत्साह के साथ पढ़ाई कर रहे हैं, और उनके माता-पिता भी बच्चों के भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। स्कूल के विद्यार्थियों, जैसे कुमकुम, नेहा बंजारे और जीत देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से न केवल उनके स्कूल का स्वरूप बदला है, बल्कि उन्हें एक बेहतर भविष्य की उम्मीद भी मिली है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह प्रक्रिया अन्य स्कूलों में भी जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### हायर सेकंडरी की छात्राओं को मिली साइकिल

**गुरूर।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में छात्रओं को निःशुल्क सरस्वती सायकिल का वितरण किया गया। इसमें अनुसूचित जनजाति के 5 छात्र, अनुसूचित जाति के 1, ओबीसी बीपीएल वर्ग के 5 छात्र लाभान्वित हुए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के आत्माराम साहू, सरपंच पूजा ठाकूर, पूर्व सरपंच लच्छू राम देशलहरे, जनपद सदस्य ताम्रध्वज यादव, राजानंद साहू, राजूलाल साहू, प्राचार्य गौतम सिंह साहू, व्याख्याता आरएस ठाकुर, हेमंत हिरवानी, व्यायाम निर्देशक जीएस जुरेशिया एवं संस्था के स्टॉफ तथा छात्रे के पालक उपस्थित थे।

### अखंड रामधुनी स्पर्धा का समापन कल

**गुरूर।** ग्राम खोरदो में ग्राम विकास समिति द्वारा तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 12 सितंबर से शुरू हुआ, जिसका समापन 14 सितंबर को होगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 3025 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2725, तृतीय पुरस्कार 2525, चतुर्थ पुरस्कार 2025, चतुर्थ पुरस्कार 2025 और पंचम पुरस्कार 1525 रुपए रखा गया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मंडावी होंगे। अध्यक्षता जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, सभापति जिला पंचायत बालोद चंद्रिका गंजीर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही विजय सोनकर, सभापति स्वास्थ एवं महिला बाल विकास विभाग जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अकलवारा उत्तरा प्रकाश मरकाम उपस्थित रहेंगे।

### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में हुई वार्षिक आमसभा



**बालोद।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बड़गांव की वार्षिक आमसभा हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बहुत सिंह रावते बडगांव ने किया। विशेष अतिथि हिम्मत देशमुख, देवदयाल देशमुख, चमरु राम ठाकुर, विक्रम साहू, आईएल रानडे, लीला बाई उपस्थित रहे। समिति के आय व्यय प्रतिवेदन वाचन प्रभारी प्रबंधक होरी लाल ठाकुर ने किया। पर्यवेक्षक दिल्लीवार ने विस्तृत जानकारी दिया और कहा कि सहकार का अर्थ अब मिल कर करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सोसायटी का अर्थ किसानों का किसानों द्वारा किसानों के लिए कहा गया। आभार प्रदर्शन समापन होरी लाल ने किया, मंच संचालन कीर्तन देवांगन पूर्व डायरेक्टर ने किया।

## आत्मानंद के छात्रों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर प्रस्तुत किया कार्यक्रम

# मोबाइल पर बात और शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटना का कारण बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी माध्यम बालोद में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर माउंट एवरेस्ट और वर्ल्ड टूर बाय आन फुट जर्नी के सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेंद्र, प्रताप, महेंद्र प्रताप, गोविंदनंद उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों के सड़क सुरक्षा कार्यक्रम पर प्रस्तुति की सराहना की। वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को विशेष कर सतर्क रहने की सलाह दी।

इस कार्यक्रम में छात्र अनीशा रात्रे, कृतिका, सोनिया, चारु, मुस्कान, बबली ध्रुव, कशिश, आदर्श, ताम्रध्वज, लक्ष्य ने सड़क पर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने प्रदर्शन के माध्यम से यातायात नियमों का सिग्नल, दुर्घटना होने पर वाहन चालकों के दायित्व, ओवरटेकिंग, स्टंट करते हुए स्पीड, प्रेशर हॉर्न, ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में जानकारी दी। सड़क दुर्घटनाओं के कारण जैसे मोबाइल फोन का उपयोग, शराब पीकर गाड़ी चलाना, लालबत्ती पार करना, हेलमेट न पहनना को एक्ट और वाद संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया। सड़क दुर्घटना के पीड़ित व्यक्ति की सहायता कर अच्छा समारिटन द्वारा गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है। ऐसे नेक व्यक्ति जिसने दुर्घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया है या पीड़ित को अस्पताल ले गया है तो पुलिस या अस्पताल द्वारा आगे की आवश्यकता के लिए उन्हें मजबूर कर कार्यवाही नहीं की जाएगी। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करने के लिए हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा, ताकि एक सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकें। सड़क दुर्घटनाओं पर जागरूकता हमें अधिक जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

## बोरगाहन पंचायत में होगा प्योर ब्लॉक का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोरगाहन में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यह कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बोरगाहन (फुंडा) के भरारीपाट में आयोजित किया गया, जहां प्योर ब्लॉक का निर्माण होना है।

चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के निर्माण से लेकर अब तक, केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं गरीब, मजदूर और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 विजन का भी जिक्र किया और कहा कि यह सरकार विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि जिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे कई वर्षों से लंबित थे और अब पूरे हो रहे हैं। इस क्षेत्र में यह उनका दूसरा विकास कार्य है। इससे पहले उन्होंने भरारी पाट में 10 लाख की लागत से टीन शेड का निर्माण कराया था। वर्तमान में भूमिपूजन किया गया कार्य भी उनके कार्यकाल के दौरान स्वीकृत निधि से ही है।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिमा देशलहरे, पूर्व सरपंच संत चंद्राकर, उपसरपंच सुनील चंद्राकर, भीखम साहू, खिलावन साहू और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। गांव के प्रमुख लोगों ने नवरात्रि में दीप प्रज्वलन के अवसर पर पुष्पेंद्र चंद्राकर को फिर से आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने खुशी से स्वीकार कर लिया।

## स्कूल में सरपंच ने रखा न्योता भोज का आयोजन



**गुरूर।** धानापुरी की प्राथमिक, मिडिल, हाई स्कूल एवं छात्रवास के छात्र–छात्राओं को ग्राम पंचायत सरपंच खोमन लाल सिन्हा ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। स्कूलों में बच्चों को खीर, पूरी, दाल, चावल, सब्जी, पापड़ सलाद और मिठाई उनके थाली में परोसे गए। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विदित हो कि, सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए राज्य शासन के निर्देश पर न्योता भोज का आयोजन शुरू किया गया है।

## गणेश विसर्जन झांकी समिति के सदस्य सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में श्री गणेशोत्सव प्रतिमा विसर्जन झांकी कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री रामकुमार जमनादेवी यादव फाउंडेशन सस्था के प्रमुख राकेश यादव द्वारा श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकियों को प्रोत्साहित करने तहसील कार्यालय के समीप भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी प्रतिमाओं के समिति प्रमुखों को प्रोत्साहित करते हुए नगद 3100 राशि, शील्ड व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को पोहा वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सौरभ लूनिया, पार्षद गिरजेश गुप्ता, धीरज उपाध्याय प्रीति देशमुख, स्वेता राजपूत, नीशा योगी, जितेन्द्र सोनी, राजसोनी, अभिन्न यादव, विनय सोनी, जयकरण परिहार, तरूण बड़तिया, छोटेलाल चन्द्रकार, सुनील यादव उपस्थित थे।

## रजत जयंती वर्ष पर आईटीआई में हुई संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा






छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह 2025 के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' विषय पर संगोष्ठी, परिचर्चा, वक्तव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केके दुबे, प्रशिक्षण अधीक्षक आईटीआई दल्लीराजहरा ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पिछले 25 वर्षों में सड़क, बिजली, पानी, महिला सशक्तिकरण और युवा शक्ति के नियोजन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

अध्यक्षता कर रहे प्रशिक्षण अधिकारी चंद्रप्रकाश कश्यप ने कहा कि आने वाले समय में हमें अपने सपनों का छत्तीसगढ़ गढ़ना है। इसके लिए शासन के साथ-साथ हर व्यक्ति को परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना होगा। प्रशिक्षण अधिकारी विरेंद्र कुमार बघेल ने संचालन के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ भारत का हृदय स्थल है। यहां की ऊर्जा और खनिज संपदा देश की तरक्की में अहम भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षण अधिकारी शिल्पी वर्मा, प्रवीण कुमार सिन्हा, टिकेश्वर कुमार साहू, फनील कुमार, शिवेंद्र कुमार यादव, संतोष कुमार चौधरी, गीतांजलि, राजेश श्रीवास्तव और सभी प्रशिक्षणार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## अंडा में श्री रामकथा मासिक संगोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



नवनीत श्रीराम भक्त मानस मंडली, सांई मानस परिवार, सत्यम महिला मानस मंडली और समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम गांधी नगर अण्डा के बाजार चौक में एक दिवसीय श्री रामकथा मासिक संगोष्ठी का आयोजन 13 सितंबर को सुबह 9 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम का शुभांरम्भ मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे।

अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चन्द्रकार, विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत अंडा दिग्विजय सिन्हा, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, पूर्व जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्रकार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदामा चन्द्रकार,पं. महेंद्र पांडे सहित पंडित अजेंद्र पांडे और वरिष्ठगण उपस्थित थे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकार, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, विशेष अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, पूर्व जनपद सदस्य राकेश चंद्रकार, पानी पंचायत अध्यक्ष तिलक चन्द्रकार, सांसद प्रतिनिधि गोलू मनोज चन्द्रकार, डीपी चन्द्राकार, जयराम चन्द्राकर, हलधर साहू, थनवार चन्द्राकार, सुदर्शन लाल यादव, मेहतर सिन्हा, तेजराम चौहान, बिरेंद्र साहू अमित चन्द्राकर, पुकेश चन्द्राकार सहकारिता अध्यक्ष, दाउ पुकेश चन्द्राकार, प्रहलाद चंद्राकर, कृष्णा ठाकुर यशवंत सिन्हा, गैंदू चंद्राकर आदि मौजूद रहेंगे।

## जिले में सड़कों के निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं द्वारा हाल ही में बालोद जिले के खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर उठाई गई मांगें अब पूर्ण हो गई हैं।

यह मांगें तब सामने आईं जब छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायती राज मंत्री विजय शर्मा का बालोद दौरा हुआ। इस अवसर पर

- उपमुख्यमंत्री के आगमन पर जिलेवासियों ने की थी सड़क मरम्मत की मांग

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिले के वरिष्ठ नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की दयनीय स्थिति की जानकारी दी और ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। मंत्री ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चयनित सड़कों के सुदृढ़ीकरण सतह मजबूतीकरण हेतु वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

स्वीकृत सड़कों की सूची में लाटाबोड से देवी नवागांव 3.10 किलोमीटर, डौंडी से कोपेडेरा 9.25 किलोमीटर, गुरुर से नारागांव 32.10 किलोमीटर, भाटागांव से पायला 4.60 किलोमीटर, मेन रोड (एसएच–5) से नेवारीकला 2.55 किलोमीटर, पीचेटोला जबकसा से नर्रालगुड़ा 2.20 किलोमीटर, मेन रोड (टी–07) से चिखली 2.60 किलोमीटर, केरी जूंगेरा जामड़ी से पाटेश्वर धाम 4.60 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति मिली है। इन सभी मार्गों की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे ग्रामीणों को आने–जाने में अब राहत मिलेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार

## भाजयुमो के कोषाध्यक्ष ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन





**अर्जुन्दा।** भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष, गुण्डरदेही तहसील युवा प्रकोष्ठ सयुंक्त सचिव ढालेन्द्र सार्वा ने अपने जन्मदिन पर हाई स्कूल हल्दी में बच्चों को न्योता भोज कराया। इस भोज के जरिए स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के साथ कई विशेष व्यंजन परोसे गए। इस अवसर पर भाजपा मंडल के महामंत्री आशीष साहू उपस्थित थे।

## गजानंद का प्रांतीय तबला वादन में चयन



**डौंडीलोहारा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय से 7 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमे कक्षा 9 वीं के गजानंद कंवर पिता अनुख राम कंवर का तबला वादन में प्रान्त स्तर पर चयन हुआ। गजानंद कंवर आरम्भ से ही होनहार छात्र रहा है। आचार्य प्रफुल्ल देशमुख और चुरामन खरे का मार्गदर्शन लेकर पिछले वर्ष भी क्षेत्र स्तर में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया था। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित प्रांतीय स्तरीय संस्कृति महोत्सव कोरबा में भाग लेने के लिए 26 सितम्बर से रवाना होंगे। इसी प्रकार कक्षा छठवीं के शरद कुमार पिता आजू राम ने भी मूर्तिकला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस पर विद्यालय के प्राचार्य डोमार साहू तोरण ठाकुर प्रतिभा सुकतेल सुरेश ठाकुर समस्त आचार्य, दीदियों सहित नवज्ञानोदय शिक्षण समिति के सदस्यगण एनु कुमार दिल्लीवर, राघवेन्द्र नाथ मिश्र, डोमेन्द्र देशमुख व समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## शिक्षक दिवस पर पर्यावरण जागरूकता का संदेश



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए संस्था के व्याख्याता राकेश कुमार कोठारी ने जन्मदिवस पर लाल चंदन का पौधारोपण किया। साथ ही संस्था के प्रभारी एल के ठाकुर एवं वरिष्ठ व्याख्याता वीरेंद्र कुमार भंडारी, अविनाश कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार नायक, मोहित यादव के द्वारा शिक्षकों के प्रेरणा श्रोत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में शिक्षक दिवस के अवसर पर सफेद चंदन का पौधारोपण किया गया।

## ठेठवार यादव समाज की बैठक कल

**बालोद।** जिला संगठन ठेठवार यादव समाज बालोद की कार्यकारिणी बैठक ठेठवार भवन, गंजपारा बालोद में 14 सितंबर को 11 बजे से रखी गई है। इसमें समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों को शामिल होने का आग्रह अध्यक्ष उत्तम यादव एवं महासचिव बलदेव यादव ने किया है। यह जानकारी जिला संगठन के मीडिया प्रभारी जयप्रकाश यादव ने दिया है।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए अग्नि प्रज्ज्वलित, भस्म का पूजन दर्शन कल

**बालोद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 8 से 11 दिसंबर तक नारी सशक्तिकरण वर्ष पर शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। इसके पूर्व तैयारी हेतु शांतिकुंज से शक्ति कलश का आगमन हुआ है, जिसमें पवित्र तीर्थों का रज, पवित्र नदियों का जल व गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज के अखंड अग्नि प्रज्वलित यज्ञ की भस्म स्थापित की गई है। इसकी विधिवत पूजन दर्शन का कार्यक्रम 14 सितंबर रविवार को प्रातः 10 से शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ बालोद में होगा। आयोजन समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है जिसके सान्निध्य में शक्ति कलश की शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे नगर को भ्रमण करते हुए गायत्री शक्तिपीठ में पधारेंगी। तत्पश्चात जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी होगी, जिसमें गायत्री महायज्ञ की तैयारी हेतु रुपरेखा पर चर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी करेंगी। विशेष अतिथि गायत्री परिवार प्रमुख जालबंधा शशिकांत फटिंग, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद टोमन साहू, पूर्व अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, अध्यक्ष जिला कांग्रेस बालोद चन्द्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक गुण्डरदेही बिरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, पूर्व विधायक बालोद कुमारी मदन साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कमलेश सोनी, अध्यक्ष जिला साहू समाज सोमन साहू, अध्यक्ष माहेश्वरी समाज स्वरूप राठी, अध्यक्ष जैन समाज ताराचंद सांखला, अध्यक्ष गुजराती समाज मोहन भाई पटेल, अध्यक्ष जिला यादव समाज रवि यादव आदि उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




